





# नीट गड़बड़ी के विरोध में कांग्रेस छात्र संगठन ने किया घेराव

## पुलिस ने बेरीकेट लगा किया रास्ता रोकने का इंतजाम, बड़ी संख्या में पहुंचे युवाओं ने इसके बावजूद कलेक्टोरेट के दरवाजे तक पहुंचकर किया प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**सतना, 24 जुलाई. जिला कांग्रेस व छात्र संगठन एनएसयूआई ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट का घेराव कर दिल्ली में हुए घटनाक्रम का विरोध किया.एनएसयूआई के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राहुल सोनी के आह्वान पर आयोजित इस घेराव में सैकड़ों छात्रों के साथ साथ वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने भी अपनी हिस्सेदारी निभाई.**

इस मौके पर श्री सोनी ने मंच पर उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी सतना, यूथ कांग्रेस एवं एनएसयूआई के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा छात्रों को संबोधित करते हुए स्पष्ट रूप से छात्रों एवं राहुल गांधी जी की मांगों को पूरा करने के लिए कलेक्ट्रेट के घेराव के अपने आवाहन को दोहराया और जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं शहर, यूथ कांग्रेस कमेटी जिला एवं विधानसभा सतना तथा एनएसयूआई के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं तथा छात्रों के साथ पैदल यात्रा कर कलेक्टर कार्यालय सतना का घेराव के लिए कूच किया। इसके पश्चात सभी कांग्रेसजन और छात्र-छात्राएं पैदल मार्च करते हुए दिल्ली में छात्रों पे लाठी चार्ज के विरोध में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे मांग को लेकर सतना कलेक्ट्रेट का घेराव किया।अन्याय एवं अत्याचार के खिलाफ भाजपा की जनविरोधी सरकार के खिलाफ गगनचुंबी नारे लगाते हुए सतना कलेक्ट्रेट का घेराव करने जब पहुंचे तो पुलिस ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं छात्रों को बैरिकेड लगाकर और गेट बंद करके बाहर ही रोक लिया।



एनएसयूआई यूथ कांग्रेस एवं वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड हटाकर कलेक्ट्रेट में जाने की कोशिश की किंतु वहां मौजूद पुलिस बल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोक लिया।

कांग्रेसजनों की पुलिस से काफी झूमा-झटकी हुई। फिर एन एस यू आई, यूथ कांग्रेस एवं वरिष्ठ कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा छात्र वहीं जमीन पर धरने में बैठ गए.

इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी सतना शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी, रश्मि सिंह, रामा शंकर प्यासी, सज्जन सिंह तिवारी, उर्मिला त्रिपाठी, रितेश त्रिपाठी, सीमा बागरी, हेमलता सिंह, जे पी कुशवाहा, संजीव अग्रवाल, सविता अग्रवाल, राजेश कुशवाहा, मो वसीम, वसीम अख्तर, के के कुशवाहा, प्रवक्ता अमित गोयल, मिथिलेश सिंह, राजू अग्रवाल, पीयूष पटनहा, अमित अवस्थी, मो रफीक, सुरेंद्र चौधरी, पंकज कुशवाहा, प्रमोद पटनहा, मोहन सिंह, जतिन शाह, सत्येंद्र निगम, संदीप सिंह परिहार, जगदीश सेन, विक्रांत त्रिपाठी, संजय तिवारी, सुनील गुप्ता, अंकुर सेठ, पंकज सिंह, शिवशंकर गोटिया, गर्वित चोपड़ा, नसीम अख्तर एवं सैकड़ो की तादाद में जिला कांग्रेस कमेटी सतना, यूथ कांग्रेस, एन एस यू आई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### प्रथम नगर आगमन पर हुआ स्वागत

जिला कांग्रेस कमेटी सतना शहर प्रवक्ता अमित गोयल ने बताया कि एनएसयूआई के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राहुल सोनी का प्रथम बार सतना नगर आगमन पर उचेहरा, सतना नदी पुल, नजीराबाद, गौशाला चौक, महाराजा अग्रसेन चौक होते हुए प्रेम नगर तिराहे पर एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं शहर सतना द्वारा भव्य स्वागत किया गया ।जहां जिला कांग्रेस कमेटी सतना शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी ने राहुल सोनी की नियुक्ति पर प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी , प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी , एनएससीआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे , विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी सतना अध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा के प्रति आभार प्रदर्शित किया .

# स्कूल से लौट रहा पहली का छात्र तेज बहाव में बहा

## ग्रामीणों ने बचाई जान

नवभारत न्यूज

**मैहर, 24 जुलाई. जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच भदनपुर क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है.**

जहां भदनपुर माध्यमिक शाला से छुट्टी के बाद घर लौट रहा पहली कक्षा का एक मासूम बच्चा सड़क पर बह रहे पानी के तेज बहाव की चपेट में आ गया. गनीमत यह रही कि मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पानी में छलांग लगा दी और समय रहते बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. मिली जानकारी के अनुसार, पहली कक्षा का यह छात्र अपनी बहन और अन्य सहपाठियों के साथ स्कूल से घर जा रहा था. लगातार बारिश के कारण सड़क पर पानी का जलभराव था और बहाव बेहद तेज था. सड़क पार करते समय मासूम का अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह तेज धार के साथ बहता हुआ पास ही बनी पुलिया के ढोले की ओर जाने लगा. हालांकि, बिना एक पल गंवाए स्थानीय ग्रामीण तुरंत उफनते पानी में उतरे और मासूम को सुरक्षित खींच निकाला.यदि ग्रामीण थोड़ी सी भी देरी करते तो बड़ा हादसा हो सकता था. इस घटना के बाद से स्थानीय प्रशासन और स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों की सुरक्षा को लेकर किए जा रहे दावों की पोल खुल गई है. ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दिनों में स्कूलों के आसपास जलभराव की स्थिति आम हो जाती है, लेकिन सुरक्षा के कोई ठोस इंतजाम नहीं किए जाते.

### दोषियों पर होगी कार्रवाई : सलोनी



जिला शिक्षा अधिकारी सलोनी शर्मा ने घटना की सूचना होने की जानकारी स्वीकार करते हुए कहा कि टीम भेज कर जांच कराई जाएगी, और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी

# दो माह से राशन न मिलने पर भड़के ग्रामीण, कलेक्टोरेट में प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**मैहर, 24 जुलाई. ग्राम पंचायत डांडी के ग्रामीणों ने पिछले दो महीनों से राशन न मिलने से नाराज होकर शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया. उग्र ग्रामीणों ने सेल्समैन पर खाद्यान्न वितरण में भारी गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में जमकर नारेबाजी की और कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा.**

ग्रामीणों के अनुसार, सेल्समैन बालेंद्र प्रजापति द्वारा उन्हें मई और जून महीने का खाद्यान्न वितरण नहीं किया गया है। शुक्रवार को जब राशन दुकान पर जुलाई महीने का खाद्यान्न बटना शुरू हुआ, तो ग्रामीणों ने सेल्समैन से पहले मई और जून का बकाया राशन देने की मांग की। आरोप है कि सेल्समैन ने पिछले वर्ष भी दो माह का राशन डकार लिया था.पुराना कोटा दिए बिना जुलाई का राशन लेने से इंकार करते हुए ग्रामीण सीधे कलेक्ट्रेट पहुंच गए.



मामले में मैहर कांग्रेस नगर अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी %दद्दा% ने भी ग्रामीणों का समर्थन किया. उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि सभी पात्र हितग्राहियों को तत्काल बकाया राशन नहीं दिया गया और दोषी कोटेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं हुई, तो वे ग्रामीणों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेंगे.

इस विरोध प्रदर्शन के दौरान दयाराम कोल, तौकीद, संगीता, अनीता विश्वकर्मा समेत बड़ी संख्या में प्रभावित ग्रामीण उपस्थित रहे.

# सर्पदंश से 16 वर्षीय किशोर की मौत, अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप

नवभारत न्यूज

**मैहर, 24 जुलाई. जिले के बदेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मझगवां धनवाही में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 16 वर्षीय किशोर की जहरीले सांप के काटने से मौत हो गई. घटना के बाद अस्पताल में पोस्टमार्टम में हुई देरी को लेकर परिजनों और स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश देखा गया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मझगवां धनवाही निवासी करण चौधरी (16) शुक्रवार सुबह अपने खेत से पैदल घर लौट रहा था. इसी दौरान रास्ते में एक जहरीले सर्प ने उसे डस लिया





चीख-पुकार सुनकर पहुंचे परिजन आनन-फानन में उसे गंभीर हालत में सिविल अस्पताल मैहर लेकर पहुंचे. घटना की सूचना मिलते ही बदेरा थाना पुलिस मैहर सिविल अस्पताल पहुंची.पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर मर्ग कायम कर लिया है. पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है. पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है.

### पोस्टमार्टम में देरी पर भड़के कांग्रेस नेता

घटना के बाद मैहर सिविल अस्पताल की कार्यप्रणाली और अव्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं . कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह ने अस्पताल प्रबंधन पर डॉक्टरों की अनुपस्थिति का आरोप लगाते हुए कहा कि डॉक्टरों के न होने के कारण पीड़ित परिजनों को पोस्टमार्टम के लिए घंटों तक भटकना और इंतजार करना पड़ा . उन्होंने जिला प्रशासन से अस्पताल की व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार करने और जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है .

# सतना में गला रेतकर हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना, 24 जुलाई.सतना के कोलगवां थाना क्षेत्र में युवक का गला रेतकर हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।**

करीब 40 दिन की तलाश के बाद पकड़े गए आरोपी को गुरुवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। घटना 12 जून की रात बिरला कॉलोनी में हुई थी। पुलिस के अनुसार, 12 जून की रात विशाल पुत्र केएल यादव (30), निवासी बिरला कॉलोनी, घर का दरवाजा खुला छोड़कर



सो रहा था। इसी दौरान कुछ अज्ञात लोग घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने धारदार हथियार से उसका गला रेत दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घायल विशाल की हालत में सुधार होने पर उसके बयान दर्ज किए गए। उसने पुलिस को बताया कि घटना से करीब एक माह पहले उसका अन्नू चौरसिया और उसके कुछ साथियों से विवाद हुआ था।

**40 दिन बाद आरोपी गिरफ्तार**-इस सुराग के आधार पर पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई और आरोपियों की तलाश शुरू की। करीब 40 दिन की खोजबीन के बाद पुलिस ने अभय पुत्र प्रदीप त्रिपाठी (28), निवासी लोहरौरा, थाना सिटी कोतवाली को गिरफ्तार कर लिया।

**अन्य आरोपियों की तलाश जारी**-गिरफ्तार आरोपी को गुरुवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, इस वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

# स्पा सेंटर में हंगामा, ताला तोड़कर युवतियों को बाहर निकाला

नवभारत न्यूज

**सतना, 24 जुलाई. शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आयुष्मान हॉस्पिटल के पास संचालित एक स्पा सेंटर में गुरुवार देर रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब वहां कार्यरत युवतियों ने संचालक और मैनेजर पर अभद्र व्यवहार के गंभीर आरोप लगाए.**

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को चैनल गेट का ताला तोड़कर युवतियों को बाहर निकालना पड़ा. हालांकि, किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत दर्ज न कराए जाने पर पुलिस ने समझाइश देकर मामला शांत करा दिया. पुलिस के अनुसार, गुरुवार रात करीब 12-30 बजे डायल-112 पर सूचना मिली कि स्पा सेंटर में कार्यरत युवतियां प्रबंधन के व्यवहार से परेशान हैं और मौके पर हंगामा हो रहा है. सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची

**शिकायत से इंकार, दी गई कड़ी हिदायत**-घटना के बाद पुलिस ने संचालक को फोन कर मौके पर बुलाया और दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर बात की.हालांकि, युवतियों ने पुलिस को किसी भी प्रकार की लिखित शिकायत देने से साफ इनकार कर दिया.

### इनका कहना है

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर भेजी गई थी.चैनल गेट खुलवाकर बातचीत की गई, लेकिन युवतियों ने कोई लिखित शिकायत दर्ज कराने से इंकार कर दिया.शिकायत न मिलने के कारण वैधानिक कार्रवाई नहीं की गई है, हालांकि संचालक और मैनेजर को सख्त हिदायत दी गई है.

**रावेन्द्र द्विवेदी**
थाना प्रभारी सिटी कोतवाली

## एक नजर में



### एकेएस में डेटा स्ट्रक्चर एवं एल्गोरिद्म पर सेमिनार

**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग में डेटा स्ट्रक्चर एवं एल्गोरिद्म (ष्ठ्ग्र) तथा प्रतिस्पर्धी कोडिंग पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता आशीष तिवारी ने विद्यार्थियों को डेटा स्ट्रक्चर, एल्गोरिद्मिक सोच, समय जटिलता, कोड ऑप्टिमाइजेशन, समस्या समाधान तकनीकों तथा तकनीकी साक्षात्कार और प्लेसमेंट में ष्ठ्ग्र की उपयोगिता पर व्यावहारिक जानकारी दी। एप्सिलॉन प्राइवेट लिमिटेड, इंदौर के सुधीर पाटिल ने उद्योग जगत की नवीनतम आवश्यकताओं, करियर के अवसरों तथा नियमित कोडिंग अभ्यास के महत्व पर प्रकाश डाला।

### विशाल रक्तदान शिविर कल

**सतना।** श्री सार्थक सेवा फाउंडेशन द्वारा मानवता की सेवा के लिए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 26 जुलाई 26 रविवार को प्रातः 10 .30 से सरस्वती स्कूल कृष्ण नगर सतना में किया गया है। रक्तदान के इच्छुक व्यक्ति समय पर पहुंच कर रक्तदान कर सकते हैं।



### नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ भव्य स्वागत

**सतना।** वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश में नई जिम्मेदारियाँ मिलने के उपलक्ष्य में पन्नीलाल चौक स्थित शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की महाआरती, स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी महेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन के नवनियुक्त जिला प्रभारी राजीव गुप्ता बबलू भैया एवं सतना नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता (माधवगढ़) का पुष्पमालाओं एवं अंगवस्त्र से आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया।

### गुरबक्श राम पंजवानी का निधन ,श्रद्धांजलि दी



**सतना।** समाजसेवी एवं जनरल मर्चेंट एसो के महामंत्री गुरमुख पंजवानी के भाई गुरबक्श राय पंजवानी के आकस्मिक स्वर्गवास होने की खबर से सिन्धु विकास समिति परिवार में शोक की लहर छा गई। इस पर समिति कार्यालय में शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। समिति परिवार ईश्वर से प्रार्थना करता है कि श्री पंजवानी जी को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं घर परिवार को यह दुखऱ्सहने की शक्ति प्रदान करें।





# एसएमटीए ने नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का किया आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना, 24 जुलाई. सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन द्वारा परिवहन व्यवसाय से जुड़े सभी सम्मानित ट्रांसपोर्टर, ट्रक चालक, क्लीनर एवं मैकेनिक भाइयों के लिए विशाल नेत्र शिविर एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।**

इस अवसर पर नशे से दूरी, है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश पुलिस प्रशासन द्वारा नशामुक्ति एवं सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में सुदीप सोनी (थाना प्रभारी, कोलगवां) रहे। श्रीमती रमा देवी (सूबेदार), श्री लाखन पंडा (एएसआई), यातायात थाना की टीम तथा महिला थाना से श्रीमती राखी साकेत (हेड कांस्टेबल) एवं श्रीमती मीनाक्षी तिवारी (कांस्टेबल) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष श्री मनोज शर्मा, महामंत्री श्री अभिषेक जैन, कोषाध्यक्ष श्री सुरेन्द्र गुप्ता, श्री राजेश केसरवानी, श्री विनोद गुप्ता, श्री ब्रजकिशोर अग्रवाल, श्री महेंद्र जैन, श्री अमरेश सिंह, श्री प्रमोद मिश्रा, श्री भरत चौरसिया, इंजीनियर नीलांबर झा सहित एस.एम.टी.ए. स्कूल का समस्त शिक्षकीय स्टाफ उपस्थित रहा।

कार्यक्रम का उद्देश्य परिवहन व्यवसाय से जुड़े सभी साथियों के स्वास्थ्य की देखभाल, नेत्र परीक्षण तथा नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। सभी उपस्थित अतिथियों एवं सहभागियों ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायी बताया।

# उपकार की पहल पर पांच बेटियों की नि :शुल्क पढ़ाई

नवभारत न्यूज

**सतना, 24 जुलाई. कॉलेज की छात्रा साक्षी चौधरी ने बीटेक कम्प्यूटर साइंस में हर सेमेस्टर में प्रथम स्थान प्राप्त कर उपकार हम हैं सोसायटी और पूरे महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।**

साक्षी की मेहनत और लगन से सभी माताएं गौरव महसूस कर रही हैं। वहीं विट्स कॉलेज के चेयरमैन श्री सुनील सेनानी ने सोसायटी की 5 बेटियों का बीटेक में प्रवेश कराकर उनके भविष्य को नई दिशा दी। साथ ही सरस्वती स्कूल में पढ़ रही 5 अन्य बेटियों की पूरी फीस* का खर्च भी कॉलेज द्वारा वहन किया जा रहा है। इस उपलब्धि एवं सहयोग पर उपकार हम हैं सोसायटी की सभी माताओं ने चेयरमैन सुनील सेनानी एवं कॉलेज की पूरी टीम को हृदय से धन्यवाद एवं बधाई* दी।



## सम्मानित होने वाले पेंशनर सदस्य अपनी जानकारी भेजें

**सतना , 24 जुलाई.** ऐसे पेंशनर जो इस वर्ष 2026 में 80 वर्ष की उम्र पूरी कर रहे हैं और भारत पेंशनर समाज जिला सतना के सदस्य हैं उनको आगामी 17. दिसंबर. को पेंशनर दिवस आयोजन में सम्मानित किया जाएगा इस वर्ष लगभग 150. सदस्य सम्मानित होंगे उनकी सूची तैयार की जा रही है समाज के अध्यक्ष हरि प्रकाश गोस्वामी ने बताया है की सूची में किसी सम्मानित होने वाले सदस्य का नाम छूट नहीं जाए इसके लिए अनुरोध है की सम्मानित होने वाले सदस्य कार्यालय में आकर सूची में अपना नाम देख ले.

# औद्योगिक विकास के लिए संभागायुक्त की बैठक में चेम्बर ने की शिरकत

नवभारत न्यूज

**सतना, 24 जुलाई. संभागायुक्त कार्यालय रीवा के सभागार मे संभागीय आयुक्त शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता मे रीवा संभाग के औद्योगिक विकास के विषय में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा के नेतृत्व में चेम्बर के प्रतिनिधि मण्डल ने सतना नगर के औद्योगिक विकास हेतु अपने सुझाव रखे।**

इस बैठक मे रीवा संभाग के सभी वृहद उद्योगों के प्रतिनिधि के साथ लघु तथा मध्यम उद्योगों से पधारे प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपने विचारों एवं सुझावों से संभागायुक्त को अवगत कराया। चेम्बर महामंत्री मनोज कटारे ने बताया कि चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने चेम्बर के सुझावों और उद्योगो के संचालन मे आ रही बाधाओं के बारे मे मजबूती से अपनी बात रखी। चर्चा के दौरान चेम्बर अध्यक्ष ने सतना मे एम.पी.आई.डी.सी. का कार्यालय खोलने की दिशा मे त्वरित प्रयास, सतना मे संचालित चावल मिलों की समस्याओं, शहरी क्षेत्र के अंदर संचालित सॉ मिलों (आरा मशीन) के लिए शहर के आस-पास सर्व सुविधायुक्त लक?ी उद्योग का क्लस्टर स्थापित करने, रेडीमेड वस्त्र, फूड प्रोसेसिंग एवं फर्नीचर उद्योगों के लिए सभी आवश्यक सुविधाओ से युक्त क्लस्टर, उचेहरा मे धातु उद्योग के लिए क्लस्टर बेस्ड डेवलपमेन्ट, 33 एवं 11 के.व्ही.ए. के उपभोक्ताओ को बाधा रहित एवं स्थिर विद्युत सप्लाई, औद्योगिक क्षेत्रों की मूलभूत सेवाओं जैसे रो?, नाली, बिजली के नियमित रखरखाव शामिल है. इस बैठक मे चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा, महामंत्री मनोज कटारे, मंत्री मनोज अरोरा, सहमंत्री हिमांशु सिंह अरोरा, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष मनविन्दर ओबेराय, चेम्बर सदस्य राजेश बड़ेरिया, नितेश बड़ेरिया, गोपी गेलानी, एवं मनोज अग्रवाल उपस्थित रहे।

